an>

Title: Regarding increasing incidents of bank dacoity in Bihar.

**श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल (महाराजगंज) :** अध्यक्ष महोदया, मैं एक बहुत ही गंभीर मामला बिहार के संदर्भ में है उसे मैं सदन में उठाना चाहता हूं। बिहार में जब से महागठबंधन की सरकार बनी है अपराध तेज गति से बढ़ता जा रहा है। आए दिन लूट की घटनाएं हो रही हैं। राजनीतिक हत्याएं भी हो रही हैं। अपराधी नियम कानून को धता बताकर सभी वारदातें कर रह हैं।

महोदया, ताजा उदाहरण यह है कि दिनांक 07.05.2016 को गया में जदयू के एक एमएलसी के पुत्र द्वारा गाड़ी को पास न देने पर एक बारहवीं क्लास के छात्र को गोली मारकर हत्या कर दिया जाना है। …(व्यवधान) एक राजद विधायक एक बच्ची के साथ रेप करता है और जेल में है। एक जद(यू) विधायक चलती ट्रेन में पति के सामने उसकी आबरू लूटता है। …(व्यवधान) एक कांग्रेसी विधायक शराब के नशे में थाना जाता है और बवाल करता है …(व्यवधान) और उसके बाद थाना अधिकारी, आरक्षी उसको रोकना भी चाहते हैं तो वह धक्का मारकर निकल जाता है। …(व्यवधान)

दूसरी भयावह घटना दिनांक 06.05.2016 को सारण जिला के मशरख प्रखंड के कवलपुरा पंचायत के ग्राम-बहादुरपुर की है जिसमें मढ़ौड़ा के एसडीएम और मशरख थानाध्यक्ष के सामने ही वर्तमान मशरख प्रखंड राजद अध्यक्ष और उनके बेटे द्वारा श्री राम ईश्वर सिंह और अरविन्द सिंह को दिन दहाड़े गोली मार दी जाती है। …(व्यवधान)।

**माननीय अध्यक्ष :**

श्री आलोक संजर,

श्री सुधीर गुप्ता,

श्री रोड़मल नागर,

श्री चन्द्र प्रकाश जोशी,

श्री कुँवर पुÂष्पेन्द्र सिंह चन्देल,

श्रीमती रमा देवी,

श्री राजेन्द्र अग्रवाल,

श्री अनुराग ठाकुर,

डॉ. संजय जायसवाल और

श्री निशिकान्त दुबे को श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल द्वारा उठाए गए विÂषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

**माननीय अध्यक्ष :** हो गया, सब नहीं पढ़ना है।

…(व्यवधान)